हरिभूमि
रत्न भूमि
रायपुर, मंगलवार 29 जुलाई 2025



प्रवेश प्रारंभ
BCA
PGDCA | DCA
B.P.Ed. | B.P.E.
B.COM | B.Sc (CS/IT)
PG Diploma in Yoga Edu.
AICTE एवं NCTE से मान्यता प्राप्त
(पं. र.वि.वि. रायपुर से सम्बद्ध)
नेताजी सुभाष कॉलेज बेलभाठा, अभनपुर

2011 से संचालित
शंकराचार्य
स्वामी स्वरूपानंद कॉलेज ऑफ नर्सिंग, जुनवानी, भिलाई
B.Sc. NURSING & M.Sc. NURSING
प्रवेश के लिए संपर्क करें
मो.: 83193 47482
81030 45003
Website : ssscn.ac.in

# मैनपुर-देवभोग क्षेत्र में 24 घंटे में सात सड़क हादसे, एक की मौत, 10 घायल

## सड़क हादसे में युवक का चेहरा बुरी तरह कुचला, बाहर निकल आईं आंखें





हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गरियाबंद जिले के मैनपुर-देवभोग क्षेत्र में पिछले 24 घंटों के भीतर 7 सड़क दुर्घटनाएं हुईं, जिनमें एक युवक की मौत हो गई और 10 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। रविवार शाम को देवभोग थाना क्षेत्र के गिरसुल गांव में हाई स्कूल के पास एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। तेज रफ्तार बाइक पर सवार तीन युवक नियंत्रण खो बैठे और गिर गए। यह हादसा इतना भीषण था कि एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जिसका चेहरा बुरी तरह कुचल गया और ▶▶| शेष पेज 12 पर

### जोगीमोड़ पर कार पेड़ से टकराई, 5 घायल

रविवार देर रात लगभग 10 बजे, मैनपुर-गरियाबंद नेशनल हाईवे मार्ग पर मैनपुर से सिर्फ 9 किलोमीटर दूर जोगीमोड़ पर एक तेज रफ्तार कार (क्रमांक ओडी 24 एच 7659) सीधे एक पेड़ से टकरा गई। इस हादसे में कार में सवार 5 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जो ओडिशा से धार्मिक स्थल जा रहे थे। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार के सामने का हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। घायलों को मैनपुर अस्पताल लाया गया। जानकारी मिलते ही ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव, महामंत्री गेंदु यादव, भाजपा नेता रूपेश साहू, मोहित द्विवेदी तत्काल अस्पताल पहुंचे और घायलों की मदद की। मैनपुर थाना प्रभारी शिवशंकर हुर्रा और पुलिस जवानों ने घायलों को जिला अस्पताल तक पहुंचाया।

# परतेवा की शिव-पार्वती मूर्ति से लिपटा दिखा नाग, उमड़ी भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा



सावन मास के तीसरे सोमवार को ग्राम परतेवा के शिव मंदिर में एक हैरान कर देने वाली घटना हुई। मंदिर में लोगों के बीच एक नाग सांप कौतूहल का विषय बन गया, जब वह शिव और पार्वती की मूर्ति से लिपटा हुआ दिखाई दिया। इस अद्भुत दृश्य को देखने के लिए सैकड़ों की भीड़ उमड़ पड़ी और हर हर भोलेनाथ के जयकारों से शिवालय गूंज उठा। यह नाग काफी बड़ा और लंबा था, जो पूरी शिव और पार्वती की मूर्ति को चारों ओर से लिपटा ▶▶| शेष पेज 12 पर



## श्री राधाकृष्ण मंदिर में सहस्त्रजलधाराभिषेक

**नवापारा-राजिम।** सावन के तीसरे सोमवार को शहर के सुप्रसिद्ध श्री राधाकृष्ण मंदिर में पार्थिव शिवलिंग पूजा कार्यक्रम के बाद सहस्त्रजलधाराभिषेक का शानदार आयोजन हुआ। इस दौरान हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। आयोजन की शुरुआत सुहागिन मातृशक्तियों द्वारा पंडितों के मंत्रोच्चार के बीच महानदी से जल भरकर की गई। महानदी से लेकर मंदिर तक भक्तों की ▶▶| शेष पेज 12 पर

विश्वास आपका क्वालिटी हमारी
मेन्सवियर मानसून मेला
आप सादर आमंत्रित है
CHACHI Bazaar
हम आपके लिये लाए है मेन्सवियर में बहुत ही शानदार ऑफर
ऑफर सीमित समय के लिये ... जल्दी पधारिये...
* Lowest Rate Item Will be Free
जीन्स
टी-शर्ट
शर्ट
BUY 2 GET 1 FREE
ON MEN'SWEAR ONLY
खरीदिये 2 पीस और पाइए 1 पीस फ्री
इसके अलावा साड़ियों की विशाल रेंज, रेडीमेड लेडिस वियर, किड्स वियर एवं मेन्स वियर और भी बहुत कुछ ....
चाची बाजार
बस स्टैण्ड से कृषि मंडी के बीच मार्ग, पर गंज रोड, नवापारा (राजिम) मो. 89621 - 75674

ISBM UNIVERSITY
KNOWLEDGE • WISDOM • HUMANITY
BCI Bar Council of India | Association of Indian Universities | Chhattisgarh Private Universities Regulatory Commission | UGC University Grant Commission | All India Council for Technical Education | PCI Pharmacy Council of India
ADMISSION OPEN 2025-26
UNLOCK YOUR FUTURE WITH
ISBM UNIVERSITY
CHOOSE A UNIVERSITY THAT PUTS YOU FIRST!
AACSB ACCREDITED
INTERNATIONAL ASSOCIATION OF UNIVERSITIES
NAAC ACCREDITED
NOW IN RAIPUR CITY!
PHARMACY
LAW
INFORMATION & TECHNOLOGY
LIBRARY & INFORMATION SCIENCE
COMMERCE
JOURNALISM & MASS COMM.
MANAGEMENT
DESIGN
ENGINEERING & TECHNOLOGY
SCIENCE
ARTS & HUMANTIES
YOGA & NATUROPATHY
NATIONAL & INTERNATIONAL COLLABORATIONS
10,000+ Students & Alumni
25+ Awards & Recognitions
150+ Recruiter Network
200+ National & International conferences
50+ MOU & Tieups
750+ Research Published
20+ Patents
₹2.5cr+ Research Fellowship
WWW.ISBMUNIVERSITY.EDU.IN
+91 9109333333, +91 9109244444
Raipur Campus - ISBM University, Ring Road No. 1, Near Sarona Bridge, Tatibandh, Raipur, Chhattisgarh- 492099
Main Campus - ISBM University, Nawapara (Kosmi), Block & Tehsil- Chhura, Gariyaband (Chhattisgarh) 493996
Shreeram Addiction

## खबर संक्षेप



### अनिल चंद्रकार की कप्तानी में 17 पदाधिकारियों को मिली जिम्मेदारी

**गरियाबंद।** भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ ने गरियाबंद जिला संगठन के पदाधिकारियों की बहुप्रतीक्षित घोषणा कर दी है। प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, प्रदेश महामंत्री (संगठन) पवन साय और गरियाबंद जिलाध्यक्ष अनिल चंद्रकार की अनुशंसा पर कुल 17 पदाधिकारियों की सूची जारी की गई है। यह घोषणा प्रदेश भाजपा कार्यालय से आधिकारिक रूप से की गई है। नई कार्यकारिणी में युवा और अनुभव का मेल** देखने को मिल रहा है।

### गुरूनारायण बने भाजपा गरियाबंद जिला उपाध्यक्ष

**मैनपुर।** मैनपुर विकासखंड के गोहरापदर के वरिष्ठ भाजपा नेता



गुरूनारायण तिवारी को भाजपा गरियाबंद जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इस नियुक्ति से कार्यकर्ताओं में उत्साह देखने को मिल रहा है। पूर्व में भाजपा मंडल अध्यक्ष पद पर रह चुके गुरूनारायण तिवारी ने जिला उपाध्यक्ष नियुक्त होने के बाद प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव, प्रदेश महामंत्री संगठन पवन साय और गरियाबंद जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर के प्रति आभार व्यक्त किया है।

### बम्हनीझोला में खाद की समस्या पर बैठक आज

**मैनपुर।** क्षेत्र की मूलभूत समस्याओं के समाधान और आंदोलन की रणनीति तैयार करने के साथ ही खाद की समस्या को लेकर 29 जुलाई दिन मंगलवार को सुबह 11 बजे बम्हनीझोला मंडी के पास एक बैठक रखी गई है। क्षेत्र के वरिष्ठ अर्जुन नायक ने सभी क्षेत्रवासियों से बैठक में शामिल होने की अपील की है।

### जल लेकर सिरपुर पहुंचे 12 हजार कांवड़िए

**महासमुंद।** सावन के तीसरे सोमवार को सिरपुर स्थित गंधेश्वर महादेव के जलाभिषेक व पूजा - अर्चना के लिए मंदिर परिसर से सिरपुर बस स्टैंड तक लंबी कतार लगी रही। मंदिर ट्रस्ट के सदस्यों का अनुमान है कि आज तीसरे सोमवार को 12 हजार से अधिक कांवरिए जिले के विभिन्न स्थानों से जल लेकर गंधेश्वर महादेव का जलाभिषेक करने पहुंचे।

बता दें कि 11 जुलाई से शुरू सावन माह के बाद पहले और दूसरे सोमवार को सिरपुर के गंधेश्वर महादेव में जलाभिषेक करने सीमित संख्या में कांवरिए यहाँ पहुंचे थे। तीसरे सावन सोमवार को जलाभिषेक के लिए जिले के अनेक स्थानों से कांवरिए जल लेकर शनिवार को सिरपुर के लिए प्रस्थित हुए।

**आस्था :** विधायक इंद्रकुमार ने नवापारा-राजिम में की पूजा और विकास कार्यों का भूमिपूजन

# सावन के तीसरे सोमवार पर शहर शिवमय हुआ, सड़कों पर उमड़ा शिवभक्तों का सैलाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

सावन के तीसरे सोमवार को विधायक इंद्रकुमार साहू नवापारा पहुंचे। उन्होंने यहां श्री राधाकृष्ण मंदिर में आयोजित सहस्त्रजलधाराभिषेक कार्यक्रम में भाग लिया। श्री राधाकृष्ण मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद, विधायक साहू भाजपा कार्यकर्ताओं और अपने समर्थकों के साथ कुलेश्वरनाथ महादेव मंदिर पहुंचे। वहां उन्होंने विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना कर पूरे विधानसभा क्षेत्र की खुशहाली और सुख-समृद्धि के लिए मंगल कामना की। इस दौरान विधायक साहू ने विकास कार्यों को भी गति दी। उन्होंने वार्ड क्रमांक 15 में 5 लाख रुपये की लागत से सीसी रोड का भूमिपूजन किया और सोमवारी बाजार स्कूल में 9 लाख 88 हजार रुपये की लागत से तैयार होने वाले अतिरिक्त कमरे के निर्माण के लिए भी भूमिपूजन किया। नवापारा के बाद, वे समर्थकों के साथ सारखी के सारखेश्वर महादेव की पूजा-अर्चना करने के लिए रवाना हुए।

**पंचकोशी धाम और भूतेश्वरनाथ महादेव के दर्शन का भी कार्यक्रम** - विधायक इंद्रकुमार साहू ने बताया कि बुधवार को वे शिवभक्तों और भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ सुबह 10 बजे पंचकोशी धाम के चंपाणेश्वरनाथ महादेव मंदिर पहुंचेंगे और वहां जलाभिषेक करेंगे। चंपारण के बाद, वे श्री कुलेश्वरनाथ महादेव मंदिर आएंगे और यहां से रवाना होकर गरियाबंद के पास मरोदा गांव में स्थित विश्व के सबसे बड़े शिवलिंग भूतेश्वरनाथ महादेव का दर्शन और पूजा करेंगे, जिसके बाद वे अभनपुर क्षेत्र लौटेंगे।

**नवापारा में शिवमय माहौल-** सावन के तीसरे सोमवार को नवापारा शहर पूरी तरह से शिवमय नजर आया और भगवा रंग में रंगा रहा। शहर की सड़कें शिवभक्तों की भीड़ से भरी हुई थीं, मानो भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा हो। शहर के कई हिस्सों में सड़क किनारे भोजन प्रसादी के पंडाल लगे हुए थे, जहां कांवरियों और राहगीरों को प्रसादी वितरित की जा रही थी। डीजे और लाउडस्पीकर पर जगह-जगह भजन और भोलेनाथ के जयकारे लग रहे थे, जिससे पूरा माहौल भक्तिमय बना रहा। इस अवसर पर विधायक इंद्रकुमार साहू के साथ मंडल अध्यक्ष नागेंद्र वर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू, रायपुर जिला सरपंच संघ के अध्यक्ष मुकेश ढीढी, निर्मला-धीरज साहू, जगेश्वर यादव, नम्मू ध्रुव, सचिन सचदेव, रवि साहू, सिंटु सौरभ जैन, कैलाश तिवारी, राजू रजक, अनुज राजपूत, लीला राम साहू, भाजपा नेत्री योगिता सिन्हा, हर्षा कंसारी सहित भाजपा कार्यकर्ता और शिवभक्त शामिल थे।





**चंपारण के चंपेश्वरनाथ महादेव मंदिर में भक्तों की भारी भीड़**





**नवापारा-राजिम।** सावन के तीसरे सोमवार को चंपारण के चंपेश्वरनाथ महादेव मंदिर में सुबह से देर रात तक शिवभक्तो की भारी भीड़ लगी रही एक तरह से मेले जैसा नजारा यहां देखने को मिला। करीब पचास गांव के लोग पूजा करने के लिए यहां परिवार सहित पहुंचे हुए थे। जिला पंचायत सदस्य यशवंत साहू व प्रदेश कांगेस कमेटी के सचिव प्रवीण साहू सपरिवार यहां धूमधाम से पूजा अर्चना किए। चंपारण बस्ती शिवभक्तो से भरा रहा। हर तरफ शिवजी के जयकारे लगते रहे।

## जनपद अध्यक्ष इंद्राणी ने बोरसी में किया जलाभिषेक

**राजिम।** सावन के तीसरे सोमवार को जनपद अध्यक्ष इंद्राणी-नेहरू साहू ने बोरसी पहुंचकर जलाभिषेक कार्यक्रम में शामिल हुए और शिवजी की पूजा करते हुए समूचे फिंगेश्वर ब्लॉक के सुख समृद्धि के लिए मंगल कामना किया। उनके साथ इस अवसर पर महिला बाल विकास सभापति मंजू-दिनेश साहू, सरपंच संघ अध्यक्ष हरीश साहू, सरपंच अनुसुईया साहू ,युगल साहू एवं शिवभक्त शामिल थे। मालूम हो कि इस कार्यक्रम में सामूहिक रूप से स्थानीय लोग ,महिला समूह तथा युवा वर्ग भी शामिल हुए। जनपद अध्यक्ष इंद्राणी साहू ने कहा कि गांव की एकजुटता और जलाभिषेक का कार्यक्रम आयोजित करना निःसंदेह प्रशंसनीय है। शिवजी की पूजा में सारे लोग ऐसे ही लगे रहे जिससे शिवजी की कृपा बनी रहेगी।



## फणीकेश्वर नाथ मंदिर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़




फिंगेश्वर। सावन के तीसरे सोमवार को पंचकोशी धाम, नगर के प्राचीन और ऐतिहासिक भगवान फणीकेश्वर नाथ मंदिर में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। भक्तों ने श्रीफल, बेलपत्र, धूप, अगरबत्ती और पुष्प लेकर भगवान की पूजा-अर्चना की और प्रार्थना की। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष इंद्राणी साहू और उनके प्रतिनिधि नेहरू साहू, साथ ही भाजपा के वरिष्ठ नेता रामू राम साहू ने कार्यकर्ताओं के साथ मंदिर पहुंचकर भगवान फणीकेश्वर नाथ का जलाभिषेक किया और क्षेत्र की जनता की खुशहाली के लिए कामना की। बोलबम कांवरियों के दल ने भी मंदिर पहुंचकर जलाभिषेक किया। इस दौरान नगर पंचायत फिंगेश्वर वार्ड क्रमांक 2 के पार्षद हेमनारायण महिलांग, भाजपा नेत्री संतोषी श्रीवास्तव, पदमा यद्दु, सरिता सेन, पत्रकार दीपक पोद्दार एवं अन्य कार्यकर्ता, स्कूली छात्र-छात्राएं, तथा नागरिक श्रद्धालुगण बड़ी संख्या में उपस्थित होकर फणीकेश्वर महादेव की पूजा-अर्चना की।

## छुरा गायत्री शक्तिपीठ में ब्लॉक स्तरीय युवा संगोष्ठी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

गायत्री शक्तिपीठ छुरा में ब्लॉक स्तरीय युवा संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ दीप प्रज्वलन और देव पूजन के साथ हुआ। संगोष्ठी में विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम के दौरान नवयुग के संविधान (18 सत्संकल्प) का सामूहिक पाठ किया गया। प्रतिभागियों को शांतिकुंज में आयोजित 3 दिवसीय युवा चिंतन में लिए गए संकल्पों को पूरा करने के लिए प्रेरित किया गया। 'सुपर यूथ' के मापदंडों पर विस्तार से चर्चा हुई, जिसमें 'सुपर यूथ क्या है?', 'क्यों जुड़ना है?', 'क्या करना है?', 'कैसे करना है?' और 'क्या अर्हताएँ हैं?' जैसे बिंदुओं को स्पष्ट किया गया।



इसके साथ ही, सुपर यूथ की सूची को अद्यतन (अपडेट) किया गया। संगीती में 40 दिवसीय अनुष्ठान कर रहे भाई-बहनों की सूची** भी प्राप्त की गई। बाल संस्कार शाला के आचार्यगणों ने अपने अनुभव साझा किए, और उन्हें सफल संचालन हेतु प्रोत्साहित किया गया। व्यसन मुक्ति उद्बोधन और कक्षा हेतु प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया, तथा प्रज्ञा पाक्षिक के विस्तार हेतु प्रेरित किया गया। अंत में, ब्लॉक स्तरीय आंदोलन प्रभारियों हेतु भाई-बहनों को नई जिम्मेदारियां सौंपी गईं। इस कार्यक्रम में जिला से बलराम साहू, डॉ. मेषराम साहू, लेखन साहू, चेमन साहू, नुकेश कुमार साहू और ब्लॉक से ठाकुरराम यादव, रामावतार यादव, केशव प्रसाद, नर्सिंग सोम, शेषनारायण, तिजऊ साहू (ब्लॉक युवा समन्वयक), श्रीमती संध्या यदु एवं छुरा ब्लॉक के 45 भाई-बहनों की उपस्थिति रही।

## दिव्यांग भागीरथी को व्हीलचेयर व सहारा छड़ी दी गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

फिंगेश्वर जनपद पंचायत के अंतर्गत ग्राम तरीघाट में शासन की जनकल्याणकारी योजना के तहत दिव्यांग हितग्राही भागीरथी अंडे को व्हीलचेयर और सहारा छड़ी प्रदान की गई। भागीरथी ने जनपद पंचायत फिंगेश्वर अध्यक्ष की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी सहायता जरूरतमंदों के जीवन में नई उम्मीदें जगाती है। यह सहायता सोमवार को जनपद पंचायत फिंगेश्वर की अध्यक्ष इंद्राणी नेहरू साहू के कर-कमलों से प्रदान की गई। इस अवसर पर सरपंच संघ अध्यक्ष हरीश साहू, जनसेवी सरपंच प्रतिनिधि मनोज यदु, उप सरपंच संघ उपाध्यक्ष



**मुख्यमंत्री दिव्यांगों के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं : इंद्राणी**

डिगेश साहू, अध्यक्ष हाई स्कूल बिजली गजेंद्र निषाद, मनीष साहू, भाजपा नेता नेहरू साहू, पूर्व सरपंच सेंदर रामाधार साहू और युवा भाजपा नेता युगल किशोर साहू भी उपस्थित थे।

जनपद पंचायत फिंगेश्वर की अध्यक्ष इंद्राणी नेहरू साहू ने इस मौके पर कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व वाली सरकार दिव्यांगों के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ सरकार दिव्यांगों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए विशेष प्रयास कर रही है। सरकार समय-समय पर दिव्यांगों का सर्वेक्षण कर उनके व्यवसाय और नए स्टार्टअप के लिए ऋण प्रदान कर मदद करती है, ताकि उनके जीवन स्तर में सकारात्मक सुधार आ सके। सरपंच संघ अध्यक्ष हरीश साहू ने कहा कि दिव्यांगजनों के जीवन में खुशहाली लाने के लिए हमें हर संभव प्रयास करना चाहिए। उन्होंने जोर दिया कि भाजपा सरकार 'सबका साथ, सबका विकास' के संकल्पों के आधार पर दिव्यांगों को आर्थिक रूप से सक्षम बनाने और उनके कौशल विकास व कल्याणकारी योजनाओं पर जोर दे रही है।

**10 गांव के 60 से अधिक बुजुर्ग रेडियो पाकर हुए गदगद**

# शिविर में जरूरतमंदों को वितरित की गई समाग्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

मैनपुर विकासखंड के पुलिस थाना शोभा में नक्सल विरोधी अभियान के लिए तैनात 211 बटालियन केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की 'ई' कंपनी नक्सलियों के खिलाफ लगातार ड्यूटी पर है। इसके साथ ही, यह कंपनी समय-समय पर स्थानीय ग्रामीणों के लिए समाज सेवा और जन कल्याण के कई कार्यक्रम भी आयोजित करती रही है। इन कार्यक्रमों में सुदूर वनांचलों के गांवों से भी ग्रामीण बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं, जिससे नक्सल प्रभावित क्षेत्र में आम जनता का स्थानीय प्रशासन, पुलिस और केंद्रीय सुरक्षा बलों के प्रति आदर और विश्वास बढ़ा है। आज सोमवार को कचना धुर्वा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शोभा के खेल मैदान में ई-211 बटालियन केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल, कैंप शोभा द्वारा एक सिविक एक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम कमांडेंट विजय प्रताप के मार्गदर्शन और आलोक अवस्थी (द्वितीय कमान अधिकारी) तथा श्रीरंजन कुमार बहाली



**शोभा में सीआरपीफ द्वारा सिविक एक्शन कार्यक्रम**

(द्वितीय कमान अधिकारी) के दिशा-निर्देशन में, संतोष कुमार (सहायक कमांडेंट व समवाय अधिकारी ई-211 बटालियन) की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत शोभा के सरपंच घनश्याम मरकाम, ग्राम पंचायत गोना के सरपंच प्रतिनिधि नरेश नेताम, थाना प्रभारी शोभा जयसिंह ध्रुव, उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शोभा के प्राचार्य खम्मन लाल साहू, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र शोभा के चिकित्सा अधिकारी कांता मणि निषाद और विद्यालय परिवार के शिक्षकगण उपस्थित थे। इन सभी ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई। इस दौरान, 60 से अधिक जरूरतमंद बुजुर्गों को फिलिप्स कंपनी का रेडियो वितरित किया गया। केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल शोभा ने बुजुर्गों का सम्मान करते हुए उन्हें मनोरंजन के लिए और देश-दुनिया से जुड़े रहने के लिए यह सार्थक प्रयास किया। बुजुर्गों ने सीआरपीएफ को आशीर्वाद देते हुए हमेशा मैत्री भाव बनाए रखने की कामना की। यह क्षण हाई स्कूल प्रांगण शोभा और पूरे क्षेत्र के लिए एक यादगार पल बन गया। कार्यक्रम में सीआरपीएफ कैंप शोभा के अंतर्गत आने वाले शोभा, कन्हारपारा, खुशियारबरछा, शुक्ला भांठा, गोना, ढोलसराई, करेली, पेंड्रा, अड़गडी, जरहीडीह गांवों से सैकड़ों महिला-पुरुष, बच्चे और बुजुर्ग शामिल रहे। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शोभा के होनहार छात्र-छात्राएं हेमलता नेताम, रोहन कुमार निर्मलकर, निखिल जाटवर और चंद्र कुमार मरकाम जिन्होंने पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद में भी क्षेत्र का नाम रोशन किया है, उन्हें भी सीआरपीएफ कैंप शोभा द्वारा सम्मानित करते हुए रेडियो वितरित किए गए।

पेज 11 के शेष...

### मैनपुर-देवभोग क्षेत्र...

आंखें बाहर आ गईं। हादसे में दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल है, जबकि तीसरे को मामूली चोटें आई हैं। घटना की सूचना मिलते ही देवभोग पुलिस मौके पर पहुंची, घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया और मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाद ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई थी। **कुत्ते से टकराई बाईक, दो युवक घायल-** आज सोमवार दोपहर 12 बजे, मैनपुर-गरियाबंद नेशनल हाईवे मार्ग पर एक तेज रफ्तार मोटरसाइकिल एक कुत्ते से टकरा गई, जिससे दो युवक गिरकर घायल हो गए। घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद रायपुर इलाज के लिए भेजा गया।

### परतेवा की शिव-पार्वती...

हुआ था, ऐसा लग रहा था मानो किसी मूर्तिकार ने शिव, पार्वती और नागदेव की मूर्ति एक साथ बनाई हो। हालांकि, यह नाग कहां से और कैसे आया, इसकी किसी को खबर नहीं थी। दिन भर मंदिर में लोगों की भीड़ लगी रही, बावजूद इसके किसी को पता नहीं चला कि इतना बड़ा नाग मंदिर परिसर और गर्भगृह में कैसे आया। सावन के तीसरे सोमवार का दिन होने के कारण लोगों में जोरदार आस्था और विश्वास उमड़ने लगा। यह नाग पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गया और सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुआ।

### श्री राधाकृष्ण मंदिर में...

श्रृंखलाबद्ध कतारें लगी थीं, जिनके हाथों से बाल्टियों में भरा जल मंदिर तक पहुंचता रहा। मंदिर के गर्भगृह में पंडित देवेंद्र दुबे और संतोष मिश्रा ने विधि-विधान से शिव परिवार का अभिषेक कराया। इस दौरान भूपेंद्र-मीनाक्षी मिश्रा (रायपुर) और आकाश-शिवांगी अग्रवाल (महासमुंद) यजमान के रूप में बैठे थे। भगवान महादेव का दूध, दही, पंचामृत, शहद, घी, गंगाजल और महानदी के पवित्र जल से अभिषेक किया गया।

**संगीतमय भजन और विधायक की उपस्थिति-** मंदिर प्रांगण में सालासर समिति के नेमी साहू, अरुण पैगंबर, करण साहू और गायत्री दुबे ने संगीतमय भजन प्रस्तुत किए, जिससे भक्त थिरकने लगे। महादेव के जयकारों से पूरा मंदिर प्रांगण गूंज उठा।

जलाभिषेक कार्यक्रम में पहुंचे विधायक इंद्रकुमार साहू भी संगीतमय भजन के दौरान खुद को रोक नहीं पाए और भोलेनाथ के जयकारे के साथ थिरकने लगे। उनके साथ मंदिर समिति के **गिरधारी अग्रवाल, गोपाल अग्रवाल, मनमोहन अग्रवाल, राजू काबरा, संतोष अग्रवाल, नागेंद्र वर्मा, संजय साहू, प्रेम साधवानी, गोविंद मोहन अग्रवाल भी नाचने लगे।

**विधायक इंद्रकुमार का स्वागत और घोषणा-** विधायक इंद्रकुमार साहू का श्री राधाकृष्ण मंदिर के सर्वराकार मोहन अग्रवाल ने पुष्प हार से स्वागत किया। इस दौरान गोपाल गौशाला के अध्यक्ष गिरधारी अग्रवाल, राजू काबरा और चंदू कंसारी ने कुछ दिनों पहले गौशाला में लगी आग के बारे में जानकारी दी। इस पर विधायक इंद्रकुमार साहू ने गोपाल गौशाला के लिए 5 लाख रुपये विधायक निधि से देने की घोषणा की। मंदिर परिसर में विधायक साहू ने भोजन प्रसादी का वितरण भी किया।

**खबर संक्षेप**



### किराना दुकान में आग लगी, पति-पत्नी झुलसे

**मैनपुर।** गरियाबंद जिले के देवभोग क्षेत्र में सोमवार एक बड़ी घटना हो गई जिसमें एक ठेले पर किराना दुकान चला रहे पति-पत्नी अचानक आग लगने से झुलस गए। दोनों का उपचार देवभोग अस्पताल में किया जा रहा है। इस आगजनी से गरीब परिवार को भारी आर्थिक नुकसान झेलना पड़ रहा है।

### 11 केवी बिजली लाइन में जोरदार धमाका, दहशत

**मैनपुर।** मैनपुर विकासखंड के अमलीपदर में आज शाम को एक बड़ा हादसा टल गया। 11 केवी हाई वोल्टेज बिजली की लाइन में जोरदार धमाके के साथ चिंगारी उठी। धमाके की आवाज इतनी तेज थी कि आसपास के ग्रामीण घरों से बाहर निकल आए और अफरा-तफरी मच गई। यह पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गई, और तत्काल इसकी जानकारी बिजली विभाग को दी गई, जिससे एक बड़ी दुर्घटना टल गई।

### मैनपुर में कांग्रेस मंडल सेक्टर की बैठक आज

**मैनपुर।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मैनपुर मंडल और सेक्टर कमेटियों के पुनर्गठन के लिए मैनपुर मंडल प्रभारी जितेंद्र ठाकुर 29 जुलाई को मैनपुर पहुंचेंगे। यह बैठक दोपहर 12 बजे विश्राम गृह में होगी। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव और महामंत्री गेंदु यादव ने सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं से बैठक में शामिल होने की अपील की है।

### भेण्डरी में लक्ष्मण झूला का कार्यक्रम

**नवापारा-भेण्डरी।** भेण्डरी के श्रीराधाकृष्ण मंदिर में 27 जुलाई से 5 अगस्त तक लक्ष्मण झूला का आयोजन किया जा रहा है। यह जानकारी देते हुए मंदिर समिति के अध्यक्ष माणसमणी देवांगन ने बताया कि 27 जुलाई से 31 तक रामायण मंडलियो का कार्यक्रम होगा। 1 अगस्त से 5 अगस्त तक कीर्तनकार गिरवर शरण महाराज का हरि कीर्तन कार्यक्रम होगा।

### संपूर्णता अभियान सम्मान समारोह आज

गरियाबंद। भारत सरकार के नीति आयोग के आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम अंतर्गत संपूर्णता अभियान सम्मान समारोह 29 जुलाई को जिला मुख्यालय के गांधी मैदान में दोपहर 12.30 बजे से आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोहित साहू होंगे। अध्यक्षता बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक जनक ध्रुव करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप शामिल होंगे। इसी प्रकार विशेष अतिथि के रूप में जिला पंचायत उपाध्यक्ष लालिमा ठाकुर, नगर पालिका परिषद गरियाबंद के अध्यक्ष रिखीराम यादव, जनपद पंचायत गरियांद के अध्यक्ष सोहन ध्रुव, जनपद पंचायत अध्यक्ष मैनपुर मोहना नेताम एवं अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे।

### जिला स्तरीय कौशल प्रतियोगिता एवं पुरस्कार वितरण समारोह आज

गरियाबंद। कौशल विकास विभाग गरियाबंद द्वारा युवाओं को प्रशिक्षित करने और उन्हें कौशल के प्रति जागरूक बनाने के उद्देश्य से कौशल तिहार 2025 का आयोजन 29 जुलाई को दोपहर 03 बजे से लाईवलीहुड कॉलेज देवभोग रोड गरियाबंद किया जायेगा। कौशल विकास विभाग के सहायक संचालक श्रीमती सृष्टी मिश्रा ने बताया कि इस समारोह के मुख्य अतिथि राजिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोहित साहू होंगे। अध्यक्षता बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक जनक ध्रुव करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप शामिल होंगे। इसी प्रकार विशेष अतिथि के रूप में जिला पंचायत उपाध्यक्ष लालिमा ठाकुर, जनपद पंचायत गरियांद के अध्यक्ष सोहन ध्रुव, जनपद सदस्य मुकेश कुमार सुर्यवंशी, ग्राम पंचायत डोंगरगांव की सरपंच नगिता दीवान एवं अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे।

## विडंबना : तेतलपारा स्कूल के 120 बच्चे जान जोखिम में डालकर पढ़ने को मजबूर

# जर्जर स्कूल में पढ़ रहे हैं बच्चे, एक ही भवन में स्कूल, आंगनबाड़ी और पंचायत का संचालन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मैनपुर

गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखंड मैनपुर क्षेत्र में दर्जनों स्कूल भवन बेहद जर्जर हो गए हैं। बारिश के इन दिनों में छतों से कमरों के भीतर पानी का रिसाव हो रहा है, जिसके बावजूद आदिवासी क्षेत्र के नौनिहाल जान जोखिम में डालकर पढ़ाई करने को मजबूर हैं। मैनपुर विकासखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत झरगांव के आश्रित ग्राम तेतलपार में प्राथमिक शाला भवन का निर्माण 15 से 18 साल पहले हुआ था। लेकिन निम्न गुणवत्ता के कारण इसकी छत समय से पहले ही जवाब दे गई है। लगातार बारिश होने पर छत से जगह-जगह पानी का रिसाव कमरों के भीतर हो रहा है, जिससे कमरों में पानी भर जाता है। इसके बावजूद, बच्चे यहीं पढ़ाई करने को विवश हैं। प्राथमिक शाला तेतलपारा में कक्षा पहली से पांचवीं तक कुल 120 छात्र-छात्राएं दर्ज हैं। यहां एक बरामदा और दो कमरे हैं, लेकिन दोनों कमरों की छतें जर्जर हो चुकी हैं। लगातार बारिश होने पर छत से पानी का रिसाव होने के कारण कभी भी कोई दुर्घटना घटने की संभावना बनी हुई है। ग्रामीणों ने कई बार छत की मरम्मत की मांग की है, लेकिन इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। ग्रामीणों ने इस समस्या से विकासखंड शिक्षा अधिकारी मैनपुर को भी अवगत कराया है और जल्द से जल्द स्कूल भवन की मरम्मत या नए स्कूल के निर्माण की मांग की है।

**नवापारा में एक छत के नीचे स्कूल, आंबा व पंचायत-** मैनपुर विकासखंड के नवापारा गांव में शिक्षा और प्रशासन की एक अनोखी तस्वीर सामने आई है। यहां पंचायत भवन में ही एक ही छत के नीचे प्राथमिक स्कूल, आंगनबाड़ी और पंचायत कार्यालय का संचालन किया जा रहा है। कभी बरामदे में बच्चे किताबों में डूबे दिखते हैं, तो कभी वहीं पंचायत की बैठकें होती हैं, और जब आंगनबाड़ी का संचालन होता है तो वही बरामदा बच्चों की किलकारियों से गूंजता है।

यहां बच्चों की पढ़ाई और सुरक्षा दोनों ही सवालों के घेरे में है। स्कूल का दरवाजा टूटा है, शौचालय और पानी की सुविधा नहीं है। मिड-डे मील खुले आसमान के नीचे पकाया जाता है, और बच्चे खेतों के किनारे बैठकर खाना खाते हैं। पंचायत की बैठकों के दौरान तो बच्चों को बाहर ही भेज दिया जाता है। गांव में नया स्कूल भवन दिसंबर में ही बनकर तैयार हो गया है, लेकिन न जाने किस वजह से उसमें बच्चों की पढ़ाई शुरू नहीं हो सकी है। सवाल उठता है कि बच्चों के भविष्य की जिम्मेदारी कौन लेगा – पंचायत, शिक्षा विभाग या प्रशासन? क्या यही है विकसित भारत की तस्वीर? नवापारा के बच्चों की इस स्थिति को बदलने की जिम्मेदारी आखिर कौन उठाएगा?



### पढ़ाई होती है प्रभावित

ग्राम पंचायत सरपंच ध्रुव सिंह ने बताया कि ग्राम पंचायत कार्यालय में ही स्कूल और आंगनबाड़ी का संचालन किया जा रहा है, जिसके कारण भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पंचायत में बैठक होने पर बच्चों की पढ़ाई भी प्रभावित होती है।

### दूसरे जगह पर करेंगे संचालन

सर्व शिक्षा अभियान मैनपुर के ब्लॉक समन्वयक एसके नागे ने बताया कि तेतलपारा स्कूल भवन के जर्जर होने की जानकारी उन्हें आपके माध्यम से मिली है, और वे कल ही इसका पता करवाएंगे। उन्होंने कहा कि अगर स्कूल भवन जर्जर होगा, तो दूसरे जगह स्कूल का संचालन किया जाएगा।

## गोंडी धर्म संस्कृति संरक्षण पर गोंड़वाना संघ की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गरियाबंद

प्रकृति और संस्कृति को संरक्षित करने रविवार को गोंडी धर्म संस्कृति सरंक्षण समिति एवं छत्तीसगढ़ गोंडवाना संघ जिला गरियाबंद, महासमुंद उड़ीसा के संयुक्त जिला स्तरीय बैठक माता धनई कोदई प्रांगण ग्राम गुंडरदेही फिंगेश्वर में संपन्न हुआ, जिसमें राष्ट्रीय स्तर पर 9 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस एवं राष्ट्रीय भोजली महोत्सव इंडोर स्टेडियम बुढ़ा तालाब रायपुर में मनाये जाने तथा साथ ही आगामी कार्यक्रमों के बारे में प्रदेश पदाधिकारियों द्वारा विभिन्न जानकारी दिया गया। गोंडवाना समाज विगत 18 वर्षो से परम श्रद्धेय गोंडवाना गुरुदेव दुर्गे भगत जगत जी एवं ममतामयी गुरुमाता दुर्गे दुलेश्वरी दाई के आशीर्वाद व सानिध्य तथा सगा समाज के सहयोग से मनाते आ रहें, पुरखों से चली आ रही संस्कृति और परंपरा को संरक्षित करते हुए आदिवासी वेशभूषा के साथ झूमते झामते एकता और भाई चारा के साथ देश और समाज की खुशहाली का सन्देश दिया. इस बैठक में मुख्य रूप से चंद्रभान नेताम प्रांताध्यक्ष गोंडी धर्म संस्कृति संरक्षण समिति, एस आर धुर्वे प्रदेश अध्यक्ष छ ग गोंडवाना संघ, प्रीतम छेदैहा प्रांतीय महासचिव, गौकरण कुंजाम प्रांतकोषाध्यक्ष, सिया मंडावी संयोजक, लच्छन मरकाम प्रांतीय संयोजक व प्रवक्ता, नोकचंद छेदैहा जिला संरक्षक, केशरी सिंह नागेश, लम्बोदर ध्रुव जिला सचिव, रूपेंद्र ध्रुव जिला सहसचिव, मेघराज पोर्ते, लालेन्द्र कोमर्रा, थानसिंह कोमर्रा, भागीरथी नागेश, बैचंद मरकाम, जागेश्वर ध्रुव ब्लॉक अध्यक्ष छुरा, खेलावन कुंजाम, खेमसिंह पोर्ते, टेसू नेताम, बजरंग मांझी दिनेश मांझी उड़ीसा, प्रेम सिंह पोर्ते, दीपक जगत जी सुदर्शन मंडावी जी महासमुंद के साथ जिला, ब्लॉक के साथ सक्रिय कार्यकर्त्तागण व सैकड़ों की संख्या में सगा समाज उपस्थित रहे।



## मुझको मेरे बाद जमाना ढूंढेगा, म्यूजिक ग्रुप की रफी को संगीतमय श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छुरा

भारतीय सिनेमा के अद्वितीय गायक मोहम्मद रफी की पुण्यतिथि की याद में म्यूजिक ग्रुप छुर द्वारा याद-ए-रफी चतुर्थ वर्ष कराओके संगीतमय कार्यक्रम का आयोजन मंडी प्रांगण में किया गया। इस कार्यक्रम में दुर्ग, रायपुर, अभनपुर, राजिम, पांडुका, गरियाबंद, फिंगेश्वर और छुरा सहित आसपास के गांव जैसे चरौदा, भैंसामुड़ा, चरौदा कसेरु से आए लगभग 40 महिला और पुरुष फनकारों ने मोहम्मद रफी, किशोर कुमार, लता मंगेशकर, मुकेश, मन्ना डे आदि गायकों के गीतों की प्रस्तुति देकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम का शुभारंभ म्यूजिक ग्रुप के वरिष्ठ सदस्यों जैसे **आनंद गुप्ता, सुबोध फ्रैंकलिन (रायपुर), उत्तम पवार (रायपुर), संजय महाड़िक (राजिम), हरीश ठक्कर (गरियाबंद), विजय सिन्हा (गरियाबंद), कुंदन सोनी (कोपरा), दीपक दीवान (दुर्ग), सलीम मेमन** को मंचासीन कराकर किया गया। इसके बाद, स्वर की देवी मां शारदे की पूजा-अर्चना कर दीप प्रज्वलित किया गया। स्वस्ति वाचन और सरस्वती वंदना रूपेश शर्मा ने की। साथ ही, मोहम्मद रफी, किशोर कुमार और लता मंगेशकर को पुष्पांजलि अर्पित की गई। परंपरा अनुसार, मंचासीन अतिथि गणों का स्वागत रीझे यादव, लक्की मेमन, ऋषि साहू, तरुण वर्मा, हेमंत विश्वकर्मा आदि ने किया। स्वागत उद्बोधन रीझे याद द्वारा दिया गया।



### अपने-अपने गीतों की प्रस्तुतियां दीं

प्रथम सत्र की शुरुआत गणेश वंदना से हुई, जिसे रूपेश शर्मा और नेमीचंद यादव ने प्रस्तुत किया। इसके पश्चात, सुबोध फ्रैंकलिन (रायपुर), धनंजय हरित (फिंगेश्वर), आशीष ठक्कर (गरियाबंद), भगवान सिंह चंद्राकर (गरियाबंद), दीपक दीवान (दुर्ग), हरीश ठक्कर (गरियाबंद), विजय सिन्हा एडवोकेट (गरियाबंद), इमरान अली (चरौदा), संजय महाड़िक (राजिम), क्रांति कुमार साहू (राजिम), जितेंद्र घोघरे (कोपरा पांडुका), कुंदन सोनी (पांडुका), श्यामा नेताम, डिगेश्वरी गोस्वामी, सपना कंसारी, आनंद गुप्ता, रीझे यादव, पंकज गुप्ता, नारायण साहू, सलीम मेमन, ऋषि साहू, नेमीचंद यादव, रूपेश शर्मा, भगवान सिंह ध्रुव, छगन लाल देवांगन, विनोद कुमार देवांगन, मंगल मूर्ति सोनी आदि ने दोनों सत्रों में अपने-अपने गीतों की प्रस्तुतियाँ दीं। उत्तम पवार (रायपुर) ने प्रथम सत्र में हारमोनिका के माध्यम से और द्वितीय सत्र में गायन के माध्यम से श्रद्धांजलि अर्पित की।

### ये रहे शामिल

म्यूजिक ग्रुप को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए नेमीचंद यादव, रूपेश शर्मा और हीरालाल साहू का विशेष रूप से सम्मान रायपुर से आए सुबोध फ्रैंकलिन, उत्तम पवार और राकेश दास द्वारा किया गया और उन्हें उपहार भेंट किए गए। कार्यक्रम का संचालन हीरालाल साहू, रूपेश शर्मा और मोहनी गोस्वामी ने किया। सभी फनकारों के लिए चाय, नाश्ता और भोजन की व्यवस्था की गई थी, जिसमें देवेंद्र सिन्हा, विमल पुरोहित, तरुण वर्मा, भोज कुमार साहू का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम में विशेष रूप से विकास पारख (गरियाबंद), चंद्रवती सिन्हा, मीरा शर्मा, जय सुधा गुप्ता, याद राम सिन्हा, श्लेष चंद्राकर, हीरालाल सिन्हा, घनश्याम सोरी, संतराम सिन्हा (कसेरु), घनश्याम यादव, कन्हैया मंडल, हेमंत विश्वकर्मा, गोपाल सोनी, भुनेश्वर सिन्हा, लक्की मेमन सहित नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## कांवरियों ने पैरी उद्गम भाठीगढ़ में जलाभिषेक किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मैनपुर

मैनपुर क्षेत्र के प्रमुख धार्मिक स्थल पैरी उद्गम भाठीगढ़ स्थित शिव मंदिर में आज सोमवार, सावन के पवित्र माह में जलाभिषेक करने के लिए हजारों की संख्या में शिवभक्त पहुंचे। मैनपुर से भाठीगढ़ तक चारों तरफ बोलबम के जयकारे गूंज रहे थे, जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया। देर शाम तक शिव मंदिर में भारी भीड़ देखी गई। इस दौरान हरदीभाठा के कांवरियों का दल भी पिछले 15 वर्षों की परंपरा निभाते हुए भाठीगढ़ शिव मंदिर में जलाभिषेक करने पहुंचा। जय शिवशंकर बोलबम समिति हरदीभाठा द्वारा पैरी उद्गम शिव मंदिर पहुंचकर जलाभिषेक किया गया। इस धार्मिक आयोजन में प्रमुख रूप से गजेंद्र यादव, मुकेश यादव, भूपेंद्र साहू, नंदकिशोर पटेल, वरुण पटेल, यशवंत साहू, कमलेश कश्यप, उमाशंकर साहू, सागर यादव, हेमंत मरकाम, धनराज नेताम, वेदांत बांबोड़े, मनीष यादव और बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।



## लोमष ऋषि आश्रम शिवभक्तों से रहा आबाद

**नवापारा-राजिम।** सावन के तीसरे सोमवार को महानदी का तट और लोमष ऋषि आश्रम शिवभक्तो से आबाद रहा। महानदी के तट से लक्ष्मण झूला में श्रद्धालु कुलेश्वरनाथ महादेव मंदिर दर्शन के लिए पहुंचते रहे। आश्रम में पूरा दिन शिवभजन चलता रहा।



## गरिमामय तरीका से मनाया जाएगा स्वतंत्रता दिवस, निर्माणाधीन कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूरा करें

# उच्च कार्यालियों के लंबित प्रकरणों का नियत समय पर करें निराकरण : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गरियाबंद

कलेक्टर बीएस उइके ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा बैठक के पहले अधिकारियों की बैठक लेकर आगामी 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की आवश्यक तैयारियों के संबंध में जानकारी ली। बैठक में उन्होंने 15 अगस्त की सभी जरूरी तैयारियां समय बद्ध तरीके से पूर्ण करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने स्वतंत्रता दिवस के कार्यक्रम को गरिमामयी तरीके से भव्य रूप में आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने विभागों को दिए गए दायित्वों का गंभीरता पूर्वक निर्वहन करने के निर्देश दिए। साथ ही समारोह स्थल की अच्छे से तैयारी बैठक व्यवस्था, साफ सफाई, साज सज्जा, पेयजल, सुरक्षा, परेड, स्कूली बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं अन्य तैयारी भी अच्छे से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। स्वतंत्रता दिवस की अंतिम रिहर्सल 13 अगस्त को सुबह पुलिस लाइन परेड ग्राउंड गरियाबंद में की जायेगी। इसमें सभी जिला अधिकारियों को उपस्थित रहने के भी निर्देश दिए गए। स्वतंत्रता दिवस पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले शासकीय सेवकों को सम्मानित किया जाएगा। इसके लिए विभागों को 10 अगस्त तक नाम निर्देशन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिले के सभी शासकीय, सार्वजनिक भवनों पर रोशनी करने के निर्देश दिये। इस दौरान बैठक में सीईओ जिला पंचायत जीआर मरकाम, एडीएम श्री अरविंद पाण्डेय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र चन्द्राकर, अपर कलेक्टर श्री नवीन भगत, सहित सभी एसडीएम एवं जिला अधिकारीगण मौजूद रहे।

इसके उपरांत कलेक्टर ने समय-सीमा की बैठक लेकर विभागीय योजनाओं की समीक्षा करते हुए योजनाओं में प्रगति लाने आवश्यक निर्देश दिये। साथ ही समय-सीमा में दर्ज, जनदर्शन, जनचौपाल, जन शिकायत, पीजी पोर्टल, पीएमओ कार्यालय, हाई कोर्ट, लोक संवाद, सीपी ग्राम सहित उच्च कार्यालयों के लंबित प्रकरणों को नियत समय के भीतर निराकरण करने के निर्देश दिये। कलेक्टर श्री उइके ने बैठक में विभिन्न योजनाओं की समीक्षा करते हुए स्वीकृत एवं प्रगतिरत कार्यो की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि निर्माणाधीन कार्यो को प्राथमिकता के साथ पूरा करें। कलेक्टर ने कहा कि राज्य शासन के निर्देशानुसार इस वर्ष राज्य गठन के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जिले में रजत जयंती वर्ष 2025-26 का वृहद आयोजन किया जाएगा। इसके तहत विभिन्न विभाग 15 अगस्त से राज्य की उपलब्धियों, संस्कृति, पर्यटन, शिक्षा, स्वास्थ्य, आधारभूत संरचना, कृषि, महिला सशक्तिकरण आदि क्षेत्रों से संबंधित विभिन्न गतिविधियों का प्रदर्शन करेंगे। महाअभियान 15 अगस्त 2025 से 31 मार्च 2026 तक चलेगा। उन्होंने कहा कि रजत जयंती वर्ष की सभी तैयारियां जिले में तय समय के भीतर सुनिश्चित करते हुए विभिन्न विभागों द्वारा कार्यक्रमों का आयोजन करने के निर्देश दिये।



### आवारा पशुओं को रोकने चलाएं अभियान

उन्होंने नगरीय निकाय के सभी सीएमओ को निर्देशित किया है कि नगरीय निकायों के मुख्यालय में घुमंतु मवेशियों के कारण सड़कों पर होने वाली दुघटनाओं को रोकने के लिए आवारा पशुओं को रोकने का नियमित अभियान चलाने के निर्देश दिये। उन्होंने आवारा मवेशियों के नियंत्रण के लिए आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत चल रहे कार्यों की जानकारी लेकर निर्माण कार्यों को समय-सीमा में पूर्ण करवाने के भी निर्देश दिये। कलेक्टर ने बैठक में खरीफ सीजन में जिले में चल रहे खेती-किसानी की भी जानकारी ली।

## खबर संक्षेप



### संदीप के शपथग्रहण में भुनेश्वर संग भाजपा कार्यकर्ता हुए शामिल

**छुईहा बेलर।** प्रदेश के राज्य खाद्य आयोग के नवनियुक्त अध्यक्ष संदीप शर्मा के पदभार ग्रहण समारोह में छुईहा बेलर से जिला किसान मोर्चा के सदस्य भुनेश्वर साहू चैतरा और भाजपा मंडल महामंत्री भुवन साहू की अगुवाई में दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यक्रम से लौटने पर भुनेश्वर साहू चैतरा ने कहा कि पिछली कांग्रेस सरकार (भूपेश सरकार) के कार्यकाल में पीडीएस (सार्वजनिक वितरण प्रणाली) सिस्टम की विश्वसनीयता समाप्त हो गई थी। उन्होंने विश्वास जताया कि संदीप शर्मा के नेतृत्व में यह विश्वसनीयता बहाल होगी, जिससे किसानों के जीवन में खुशहाली आएगी। भुनेश्वर साहू चैतरा ने संदीप शर्मा के बारे में बताते हुए कहा कि उन्होंने अपने लंबे राजनीतिक जीवन में कार्यकर्ताओं के साथ कंधे से कंधा मिलाकर भारतीय जनता पार्टी की 35 साल की यात्रा में एक संघर्षशील कार्यकर्ता के रूप में पहचान बनाई है। पिछले पांच वर्षों में उन्होंने भूपेश सरकार की गलत और जनविरोधी नीतियों के खिलाफ पूरी आक्रामकता के साथ अपनी आवाज उठाई है। उन्होंने आगे बताया कि प्रदेश के पीडीएस सिस्टम को प्रोत्साहित करके पारदर्शिता और विश्वसनीयता बहाल करने के लिए खाद्य आयोग को सभी राशन दुकानों का निरीक्षण करने और मध्याह्न भोजन की जवाबदारी मिली है। इसके अतिरिक्त, प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना के अंतर्गत महिलाओं को पोषण प्रदान करने का कार्य भी आयोग का होता है। यह सब क्षेत्र के आम नागरिकों की शिकायतों के निराकरण में सहायक होगा।

### मैनपुर में 3 अगस्त को कुपोषित बच्चों के लिए मेगा हेल्थ कैंप

**मैनपुर।** तहसील मुख्यालय मैनपुर स्थित सामुदायिक भवन परिसर में रविवार, 3 अगस्त को जिला प्रशासन और महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा एक मेगा हेल्थ शिविर का आयोजन किया जाएगा।

इस शिविर में रायपुर के बाल गोपाल चिल्ड्रन हॉस्पिटल के



प्रसिद्ध शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. अशोक भट्टर और उनकी टीम द्वारा जिले के कुपोषित बच्चों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा। जिला कार्यक्रम अधिकारी अशोक कुमार पाण्डेय ने बताया कि जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, शिक्षकों, गणमान्य नागरिकों, समाजसेवी संस्थाओं, स्वयंसेवी संस्थाओं और व्यापारी संगठनों द्वारा स्वेच्छा से सहमति पत्र भरकर गंभीर कुपोषित बच्चों को उत्साहपूर्वक गोद लिया जा रहा है, ताकि जिले में कोई भी बच्चा कुपोषित न रहे। इसी कड़ी में कुपोषित बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण और इलाज के लिए सभी विकासखंडों में मेगा हेल्थ कैंप लगाए जा रहे हैं। उन्होंने यह भी बताया कि आगामी 3 अगस्त को डॉ. अशोक भट्टर और उनकी टीम मैनपुर के सामुदायिक भवन प्रांगण में कुपोषित बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें आवश्यक परामर्श देगी। सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से अनुरोध है कि वे अपने क्षेत्र के गंभीर कुपोषित बच्चों को इस शिविर में अवश्य लेकर आएं।

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
फेस लिफ्ट



■ बोटाक्स-फिलर
■ थ्रेड लिफ्ट
■ स्किन पॉलिशिंग
■ लेज़र फेशियल
Ajay Advt.
पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060

## आस्था : दर्जनों गाड़ियों पर सवार शिवभक्त भोलेनाथ का जयकारा लगाते रहे

# हजारों की संख्या में समर्थकों के साथ पूर्व मंत्री साहू पंचकोशी धाम के शिव मंदिरों में पूजा करने निकले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नवापारा-राजिम

सावन मास के तीसरे सोमवार को छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी (पीसीसी) के पूर्व चीफ और पूर्व विधायक धनेंद्र साहू की पंचकोशी धाम यात्रा ने नवापारा बस स्टैंड पर सुबह 9:30 बजे भव्यता के साथ शुरुआत की। मातृशक्तियों ने तिलक लगाकर और आरती करके उनके काफिले को रवाना किया। धनेंद्र साहू खुद भगवा वस्त्र धारण कर बुलेट मोटरसाइकिल चला रहे थे। इस धार्मिक यात्रा में उनके तीनों बेटे प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव प्रवीण साहू, जिला पंचायत सदस्य यशवंत साहू, और विवेक साहू सहित हजारों समर्थकों और शिवभक्तों की गाड़ियां उनके साथ चल रही थीं। पुलिस की पायलटिंग गाड़ी सबसे आगे थी। मालूम हो कि नवापारा शहर पहुंचने से पहले, श्री साहू शिवभक्तों के साथ महानदी का जल लेकर कुलेश्वर महादेव मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने धूमधाम से पूजा-अर्चना की। इसके बाद, उनका काफिला सबसे पहले पटेवा गांव पहुंचा, जहां उन्होंने पटेश्वरनाथ महादेव की पूजा-अर्चना की। नवापारा बस स्टैंड पर मातृशक्तियों और शिवभक्तों ने आरती उतारी और फूल-मालाएं पहनाकर उनका अभूतपूर्व स्वागत किया। स्वागत करने वालों में जनपद के पूर्व उपाध्यक्ष चंद्रहास साहू, नवापारा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सौरभ शर्मा, पालिका के पूर्व उपाध्यक्ष जीत सिंग, रायपुर जिला कांग्रेस कमेटी के सचिव रामा यादव, स्वर्णजीत कौर, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष गिरधारी साहू, निर्माण यादव, राकेश सोनकर, सौरभ सोनी, हेमंत साहनी, अर्जुन साहू, अजय साहू, रेखा तिवारी, सचिन बंगानी, फागुराम, रामरतन निषाद, प्रतिभा साहू, गीतांजलि साहू, अरुणा शुक्ला, दीपाली राजपूत, सुनीता शर्मा, भोला साहू, बलविंदर गांधी सहित बड़ी संख्या में मातृशक्तियां और शिवभक्त मौजूद थे।

श्री साहू के स्वागत-सत्कार के दौरान भीड़ भरे माहौल में बस स्टैंड का वातावरण शिवमय नजर आ रहा था। दर्जनों गाड़ियों में सवार शिवभक्त भोलेनाथ का जयकारा कर रहे थे, वहीं लाउडस्पीकर और डीजे पर शिवभक्ति के भजनों से माहौल काफी रोमांचक था। श्री साहू के साथ सैकड़ों की संख्या में दोपहिया और चारपहिया वाहनों में समर्थक भी चल रहे थे। पंचकोशी यात्रियों में जमकर उत्साह और उमंग था।

यहां स्वागत अभिनंदन के बाद उनका काफिला पंचकोशी धाम के चंपारण पहुंचा और चंपाणेश्वर महादेव की पूजा-अर्चना की।



### पंचकोशी धाम यात्रा का विवरण

चंपारण के प्रसिद्ध चंपाणेश्वर नाथ महादेव मंदिर में पूजा अर्चना करने के बाद, यात्रा महासमुंद के पास बमलेश्वर महादेव पहुंची, जहां उन्होंने पूजा की। बमलेश्वर महादेव का मंदिर भी पंचकोशी धाम में शामिल है। बमलेश्वर मंदिर से निकलकर, उन्होंने फिंगेश्वर में प्राचीन फणीकेश्वर नाथ महादेव की पूजा-अर्चना की। फिंगेश्वर का प्राचीन मंदिर भी पंचकोशी धाम का हिस्सा है। उसके बाद, सबसे आखिरी पड़ाव कोपरा था, जहां उन्होंने कोपेश्वर महादेव की पूजा-अर्चना कर देर शाम नवापारा राजिम वापस लौटे। इन मंदिरों की दूरी राजिम से करीब सवा सौ किलोमीटर है। रास्ते के तमाम गांवों में आतिशबाजी करते हुए, फूल-मालाओं से और कुछ गांवों में गुलाब फूल की पंखुड़ियों से पूर्व विधायक धनेंद्र साहू का भव्य और आत्मीय स्वागत हुआ।

### कोपरा में पूर्व विधायक धनेंद्र का भव्य स्वागत

**कोपरा।** सावन मास के तीसरे सोमवार को ग्राम देवरी में आयोजित पंचकोशी धाम यात्रा में पहुंचे श्रद्धालुओं का ग्राम पंचायत के सरपंच, पंचों और समस्त ग्रामवासियों ने भव्य स्वागत किया। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी अभनपुर विधानसभा के पूर्व विधायक धनेंद्र साहू और उनकी पूरी टीम बाइक पर सवार होकर ग्राम देवरी से कोपेश्वर महादेव के लिए रवाना हुई। इस दौरान देवरी गांव में उनका जोरदार स्वागत किया गया। स्वागत करने वालों में सरिता साहू (सरपंच), सुरेंद्र साहू (उप सरपंच), उत्तम कुमार बंजारे (पंच), श्रवण कुमार



साहू, शिवकुमार साहू, लक्ष्मण साहू, ओमप्रकाश साहू, लक्ष्मण साहू, नकुल साहू, अंजनी साहू, रेखा साहू, लक्ष्मी तारक, पार्वती साहू, केवारा धृतलहरे, रेखा साहू, मुनिया तारक, लक्ष्मी साहू, भगबती साहू, सिलोच साहू, उमेश्वरी साहू और समस्त ग्रामवासी देवरी शामिल रहे। पंचकोशी यात्रा में शामिल राजू साहू (उपसरपंच, दादरझोरी), मुकेश साहू (युवा कांग्रेस नेता, सोनेसिलि) और निलकमल साहू (युवा कांग्रेस नेता, पटेवा) ने समस्त ग्रामवासियों का आभार व्यक्त किया। इस दौरान जय भोले बोल बम के नारे गूंजते रहे। पूर्व विधायक धनेंद्र साहू की अगुवाई में यह यात्रा कोपेश्वर महादेव की ओर चल पड़ी।

### सोमनाथ के लिए कांवड़िए रवाना



**अभनपुर।** बोल बम युवा समिति के शिवभक्तों की कांवड़ यात्रा ग्राम भुरकुनी से सोमनाथ मंदिर के लिए रवाना हुई।

### आकृति ठाकुर का प्रयास विद्यालय में हुआ चयन



**छुरा।** नगर के गैलेक्सी इंग्लिश मीडियम स्कूल की छात्रा आकृति ठाकुर का कक्षा नवमी प्रयास विद्यालय रायपुर के लिए चयन किया गया है वह राधिका ठाकुर और मणि चंद ठाकुर की सुपुत्री थे उनके चयन पर गैलेक्सी के प्राचार्य सहित सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने सम्मानित कर आगामी कक्षाओं के लिए शुभकामनाएं दी है।

## महादेव मंदिर में तीसरे सोमवार पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गरियाबंद



क्षेत्र के ग्राम लोहरसी के हाई स्कूल समीप भगवान भोलेनाथ का सावन माह के तीसरे सोमवार पर धूमधाम से दिनभर दर्शन-पूजन का दौर चला। सावन के तीसरे सोमवार पर शिवलिंग का रूद्र अभिषेक किया गया। मंदिर में दिनभर ओम नमः शिवाय व बम-बम भोले के जयकारे गूंजते रहे। अभिषेक को लेकर श्रद्धालुओं का तांता बड़ी संख्या मे लगा रहा। वहीं पंडित तेजप्रसाद तिवारी के मंत्रोच्चार के साथ विधि विधान से अभिषेक पूजा अनुष्ठान का कार्यक्रम हुए। परीक्षित के रूप में उरेन्द्र साहू, तृप्ति साहू, चंदन निषाद, खेमिन निषाद बैठे, शिवलिंग प्रतिमाओं की पूजा-अर्चना कर भगवान महादेव को रिझाने के लिए श्रद्धालु जुटे रहे। शिवालय में सुबह से लेकर शाम तक श्रद्धालुओं की रेलमपेल लगी रही। पंचामृत से अभिषेक कर प्रतिमाओं शिवलिंग पर बिल्व पत्र, वर्क चढ़ाए। मिठाई, मखाणे, गांजा, धतुरा आदि चढ़ाकर अभिषेक किया। श्रद्धालुओं ने व्रत उपवास के साथ शिव आराधना की। गांव के पटवारी कार्यलय समीप स्थित महादेव मंदिर भक्तों की भीड़ बड़ी संख्या में लगी हुई। उरेन्द्र साहू ने कहा की सावन माह भगवान शिव को समर्पित है, और इस दौरान शिवलिंग पर भव्य जलाभिषेक किया जाता है, जिससे महादेव प्रसन्न होते हैं और भक्तों को सुख, शांति और शुभ फल प्रदान करते हैं। मान्यता है कि सावन में जलाभिषेक का विशेष महत्व है, और समुद्र मंथन की पौराणिक कथा भी इससे जुड़ी है। इस दौरान महिलाओ का विशेष सहयोग रहा, जिसमे गंगा साहू, उषा साहू, छल्ला निषाद, नंदनी साहू, सुख बती निषाद, मीणा साहू, सुशीला ध्रुव, कोसमी तिवारी, गीता साहू, तृप्ति साहू, वही पुरुषो मे किसन निषाद, मिलन निषाद, राजेश साहू, लखन पटेल, हिरसिंग यादव, लक्ष्मीनरायण तिवारी, टोमेश्वर निषाद, सहित मोहल्ले के भक्तो का सहयोग रहा. जल अभिषेक के बाद भोलेनाथ का प्रसाद वितरण किया गया समस्त भक्तों ने प्रसाद ग्रहण कर अपने-अपने गंतव्य के लिए निकल पड़े।

## कुपोषित बच्चों को गोद लेने के लिए आगे रहे लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रसेला

जिला प्रशासन की बड़ी पहल पर क्षेत्र के ग्राम पंचायत रसेला, कुडेरादादर, मेडकीडबरी के गंभीर रूप से कुपोषित बच्चों की स्थिति के स्वास्थ्य में सुधार लाने के उद्देश्य से जनपद सदस्य, सरपंच, उपसरपंच, सचिव, पटवारी, शिक्षक, व्यवसायी द्वारा गंभीर कुपोषित बच्चों को उत्साहपूर्वक गोद लिया गया, ताकि क्षेत्र के कोई भी बच्चे कुपोषित न रहे। ग्राम पंचायत रसेला में 28 जुलाई को गोद लेने का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके तहत महिला एवं बाल विकास विभाग के रसेला सेक्टर के सुपरवाइजर सावित्री भार्गव ने बताया कि क्षेत्र में अति कुपोषित चिन्हांकित बच्चों की उचित देखभाल एवं 6 माह तक निर्धारित पौष्टिक सामग्री उपलब्ध कराने के लिए सहमति प्रदान की गई, साथ ही सभी गोद लेने वाले जनप्रतिनिधियों, कर्मचारियों, व्यापारी को बताया गया कि हर माह कुपोषित बच्चों के लिए 6 माह तक 500 रूपए पौष्टिक आहार के लिए देना होगा और पौष्टिक आहार हम लोग उपलब्ध कराएंगे। इसी तारतम्य में जनपद सदस्य सुखराम ठाकुर ने रसेला के बच्चे त्रिशात पिता तिलेश्वर साहनी, सरपंच रूपादेवी ठाकुर ने रसेला के बच्चे पूर्वी पिता कामेश्वर ठाकुर, उपसरपंच परमेश्वर यादव ने लादनपारा अनन्या पिता राजकुमार साहू, मलेवा अंचल भाजपा मंडल के अध्यक्ष शिवशंकर जयसवाल ने अलिजा पिता साबिर खान, पटवारी कमलेश सिन्हा टेम्पापारा से दक्षित पिता टिलेश्वर ठाकुर, छात्रावास अधीक्षक शत्रुता कुंजाम ने इशांत पिता चन्द्रपाल ठाकुर, लादाबाहर से सरपंच विजय कृष्ण नागेश भावेश पिता खामसिग, कुडेरादादर से सरपंच तुलेश्वर ध्रुव ने गगन पिता डगेश्वर ठाकुर, छिदपारा से जनपद सदस्य बिमला नागेश विधि पिता गौकरण, सचिव भुनेश मरकाम कनफाड से हरिसिग पिता करणसिग ठाकुर, सरपंच लता नागेश ने कनफाड से ही गनिता पिता मदनसिग, मेडकीडबरी से सरपंच रवि मरकाम ने विकास पिता श्रवण ठाकुर को शपथ पत्र भरकर उचित देखभाल एवं 6 माह तक निर्धारित पौष्टिक सामग्री उपलब्ध कराने के लिए सहमति प्रदान की है।

### बच्चों का स्वास्थ्य जांच और निगरानी की जाएगी



सभी ने क्षेत्र में कुपोषण को दूर करने सक्रिय होकर कार्य करने के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को कहा गया है। सुपरवाइजर सावित्री भार्गव ने कहा कि बाल विकास विभाग द्वारा चिन्हांकित बच्चों को नियमित रूप से पौष्टिक आहार, स्वास्थ्य जांच और निगरानी प्रदान की जाएगी, जिससे गंभीर कुपोषित बच्चों को जल्द ही मध्यम सुपोषित श्रेणी में लाया जा सके जिससे उनका शारीरिक और मानसिक विकास अवरूद्ध न हो गोद लिए बच्चे को आंगनबाड़ी केंद्रों में अतिरिक्त पोषण आहार एवं आवश्यक सामग्री प्रदान की जाएगी। साथ ही नियमित टीकाकरण, स्वास्थ्य जांच, वजन मापन एवं आवश्यक इलाज भी प्राथमिकता से प्रदान किया जायेगी। इस मौके पर पंच कंसराम ठाकुर,नरेश सोरी, डोमेश चौहान, पुरोहित यादव, देवकी ठाकुर, पिला बाईं ठाकुर, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता प्रभा यादव, चित्ररेखा यादव, देवकुमारी ध्रुव, इन्द्राणी, लोकेश्वरी, ओमेश्वरी, वृहिस्पति नागेश, शकुंतला ध्रुव सहित बच्चे के मां उपस्थित थे।

## अतरमरा संकुल में प्रधान पाठकों की बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गरियाबंद





लोक शिक्षण संचानालय के उपसंचालक आशुतोष चांवरे, जिला शिक्षाधिकारी जगजीत सिंह धीर,जिला मिशन समन्वयक शिवेश शुक्ला द्वारा बैठक में दिए गए निर्देशों के तहत गरियाबंद जिले के संकुल केंद्र अतरमरा में संकुल प्राचार्य बी देवांगन एवं संकुल समन्वयक विनोद सिन्हा द्वारा संकुल केंद्र अतरमरा के अंतर्गत आने वाले सभी प्रधानपाठकों की आवश्यक बैठक आहूत की गई। बैठक में उच्च कार्यालय द्वारा दिए गए निर्देशों को सभी प्रधानपाठकों को अवगत करवाया गया। संकुल प्राचार्य जी ने बताया कि शाला का संचालन नए निर्देशों के तहत किया जाए जिसमें शनिवार को प्रातः10:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक संचालित किए जायेंगे। नवीन समय सारणी के अनुसार कक्षा अध्यापन किया जाए। प्रत्येक सप्ताह, साप्ताहिक एवं मासिक आकलन पूर्ण करें। यू डाइस प्रोग्रेशन का कार्य पूर्ण करें। दिसंबर 2025 तक संपूर्ण पाठ्यक्रम पूर्ण किया जावे साथ ही बैठक में मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान का सफल क्रियान्वयन के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। प्रत्येक माह के द्वितीय और चतुर्थ शनिवार को बैगलेस डे रहेगा।बैगलेस डे की कार्ययोजना एक दिन पहले निर्धारित किया जाय।दिसंबर माह तक कक्षा पहली से तीसरी तक के बच्चों को हिन्दी एवं छठवीं से आठवीं तक के विद्यार्थियों को अंग्रेजी पढ़ना आना चाहिए इस पर विशेष ध्यान देंगे। शाला भवन एवं परिसर की साफ सफाई , मध्यान्ह भोजन मीनू के अनुसार एवं गुणवत्तापूर्ण भोजन दिया जाए। पाठ्य पुस्तक एवं गणवेश वितरण शत प्रतिशत किया जाए। इस प्रकार से विभिन्न बिंदुओं पर निर्देश दिए गए।

### इनकी रही उपस्थिति

संकुल प्राचार्य बी देवांगन, संकुल समन्वयक विनोद सिन्हा, के द्वारा आयोजित बैठक में संकुल के अंतर्गत आने वाली सभी स्कूलों के संस्था प्रमुख केएल यादव, डीके मेहरा मेहरा, चेतन ध्रुव, रूप राम साहू,पवनू ध्रुव, धनेश्वरी मुरचुलिया, रेणुका देवांगन, मीना ध्रुव, चित्रलेखा लोहेस उपस्थित रहे।

## मरार समाज प्रदेश अध्यक्ष मैनपुर पहुंचे भाटीगढ़ राज की बैठक में हुए शामिल

# मरार पटेल समाज शिक्षा की दिशा में अग्रसर : सुनील

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मैनपुर

छत्तीसगढ़ मरार पटेल समाज भाठीगढ़ राज की एक महत्वपूर्ण बैठक मैनपुर पटेल समाज भवन में संपन्न हुई। इस बैठक में प्रदेश पदाधिकारियों के साथ-साथ गरियाबंद जोन के अंतर्गत आने वाले रायपुर, राजिम, अभनपुर, भाठीगढ़, और कांदाडोंगर राज के सैकड़ों पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ समाज की आराध्य देवी मां शाकंभरी की पूजा-अर्चना के साथ किया गया।

प्रत्येक ग्राम में 6 नए सदस्य (जिनमें युवा, महिला, कर्मचारी, व्यापारी आदि शामिल हों) जोड़ने पर जोर दिया गया। सामाजिक नियमावली में जन्म से लेकर मृत्यु तक के संस्कारों पर विस्तृत चर्चा की गई।


प्रत्येक जिले में सम्मेलन आयोजित कर समाज के लोगों को एकजुट करने पर बल दिया गया। जोन सभा को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष सुनील पटेल ने कहा कि मरार पटेल समाज एक मेहनती, सरल और सादगीपूर्ण जीवन जीने वाला समाज है। उन्होंने बताया कि समाज में अब काफी बदलाव आ चुका है और यह सामाजिक 'रोटी-बेटी' के संबंधों के साथ-साथ राजनीति, शिक्षा और आर्थिक सुदृढ़ता लाने की दिशा में भी काम कर रहा है। उन्होंने उल्लेख किया कि समाज अब युवाओं को करियर गाइडेंस के लिए निःशुल्क कोचिंग प्रदान कर रहा है, महंगी और खर्चीली शादियों की जगह आदर्श विवाहों को प्रोत्साहित कर रहा है, और मृत्यु भोज में मिष्ठान को पूर्णतः प्रतिबंधित करने का प्रयास कर रहा है। प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष तेजराम पटेल ने कहा कि समाज संगठित और शिक्षित होकर आगे बढ़ रहा है, जिसके सकारात्मक परिणाम भी दिख रहे हैं। उन्होंने बताया कि शासन द्वारा शाकंभरी आयोग और कृषक कल्याण बोर्ड में तीन पद समाज के लिए आरक्षित किए गए हैं। साथ ही, उन्होंने बताया कि प्रेमचंद पटेल कटघोरा विधानसभा के विधायक हैं और विशेसर पटेल जी गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष हैं, जो समाज के लिए गौरव की बात है।

### बैठक में ये रहे शामिल



कार्यक्रम का संचालन जिला अध्यक्ष सोमनाथ पटेल ने किया और आभार व्यक्त भाठीगढ़ राज अध्यक्ष भागीरथी पटेल ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदेश अध्यक्ष सुनील पटेल, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष तेजराम पटेल, प्रदेश संरक्षक रामेश्वर पटेल, प्रदेश उपाध्यक्ष खेलू पटेल, नारायण पटेल, प्रदेश संगठन मंत्री गोविंद पटेल, प्रदेश महामंत्री सोमनाथ पटेल, कुबेर पटेल, दुलेश्वर पटेल, प्रदेश अंकेक्षक फिरंगी पटेल, प्रदेश संगठन सचिव अशोक पटेल, व्यापारी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष कमलेश पटेल, राज अध्यक्ष ईश्वर पटेल, भागीरथी पटेल और अन्य अधिकारी उपस्थित थे। इनके अलावा, कार्यक्रम में हरिश्वर पटेल, थानूराम पटेल, उत्तम पटेल, नारायण पटेल, कैलाश पटेल, दामोदर पटेल, सुखराम पटेल, बिसहत पटेल, गणपत पटेल सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

online Booking:-www.tripuryatra.com





11 सितंबर, 3 अक्टूबर, 13 नवंबर, 18 दिसंबर, 24 दिसंबर 2025 (10 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप)
माँ मनोकामना देवी, पशुपतिनाथ, जनकपुर (सीता मैया का जन्म स्थान),
पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक),
राशि:-स्लीपर 13,500/-, 3 एसी 22,500/-, 2 एसी 25,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411